# वेज़ ड्रेस

*ये डिनर और बहार घूमने जाने के लिए परफेक्ट है, यह ड्रेस निश्चित रूप से आपके स्टाइल को को बढ़ाएगी।*






**सामग्री की सूची**

45 इंच चौड़ाई वाला 2 मीटर कपड़ा
नेक फेसिंग के लिए ¼ मीटर सूती कपड़ा
वेज़ ड्रेस का टेम्पलेट जिसे आप हमारी वेबसाइट www.ushasew.com से डाउनलोड कर सकते हैं
चॉक
कैंची
नापने का फीता
स्केल
बीडेड पिंस
मैचिंग धागा
हाथ की सुई




इस ट्यूटोरियल में हम टेम्पलेट के अनुसार कपड़े को काटेंगे, कंधों को सिल के फ्रंट और बैक पीस को जोड़ेंगे, नेक फेसिंग बनाएंगे, साइड सीम को सिलेंगे और आस्तीन और ड्रेस के निचले हिस्से को हेम करेंगे। तो आइये शुरू करते हैं।





## चरण 1: टेम्प्लेट के अनुसार निशान लगाना और काटना

कपड़े को खोलकर टेबल पर बिछा दें, सीधा हिस्सा ऊपर की ओर हो। फिर इसे ट्यूटोरियल में दिखाए अनुसार दोनों साइड से अंदर की ओर मोड़ें। www.ushasew.com से डाउनलोड किया हुआ वेज़ ड्रेस का फ्रंट टेम्पलेट कपड़े के ऊपर रखें। सुनिश्चित करें कि जिस साइड पर ऑन-फोल्ड लिखा हो आप उसे सही से रखें। बीडेड पिंस से टेम्पलेट को कपड़े के साथ रख के पिन लगा दें ताकि ये सही जगह रहे। फिर कपड़े के बैक टेम्प्लेट को ड्रेस के दूसरी साइड के ऊपर रखें। बैक टेम्प्लेट के ऑन-फोल्ड सेक्शन पर भी ध्यान दें। बीडेड पिंस से टेम्पलेट को कपड़े के साथ रख के पिन लगा दें।





इसके बाद चाक से कपड़े पर दोनो टेम्प्लेट के अनुसार निशान लगा लें। फ्रंट टेम्प्लेट से शुरू करें और पूरी तरह निशान लगा लें। निशान लगाते समय आपने टेम्प्लेट पर एक नॉच देखा होगा, कपड़े पर नॉच का भी निशान लगा लें। यह हमारे आस्तीन की ओपनिंग होगी।





बैक टेम्प्लेट लें और इसके अनुसार भी निशान लगा लें। घुमाव और किनारों पर ध्यान से निशान लगाएं। बैक टेम्प्लेट पर भी आस्तीन के  ओपनिंग नॉच का निशान लगाना न भूलें।

पिन निकाल के टेम्प्लेट को साइड मे रख दें। कैंची लें और लगाए हुए निशान के अनुसार काट लें। सुनिश्चित करें कि आप बिलकुल सटीक काटें क्योंकि यह आपके पैटर्न को बना या बिगाड़ सकता है। कपड़े को पूरी तरह से काट लें और बचे हुए कपड़े को एक तरफ रख दें। संक्षिप्त मे, ये हमारा आगे का हिस्सा है और यह पीछे का।




## चरण 2: फ्रंट और बैक पीस को एक साथ जोड़ना



अब कपड़े को खोलें और फ्रंट पीस को बैक पीस के ऊपर रखें, सीधा हिस्सा आमने सामने हो जैसा कि ट्यूटोरियल में दिखाया गया है। यह हमारे नेकलाइन और कंधे होंगे।




कुछ बीडेड पिंस लें और कंधे में पिन लगा दें, सुनिश्चित करें कि पिन कपड़े की दोनों परतों में से होकर जाए। अब फिर से फ्रंट टेम्पलेट को कपड़े के फ्रंट पीस पर रख के नॉच का निशान लगा लें। टेम्पलेट को एक तरफ रख दें। अब पिन लगाए हुए कपड़े को अपने उषा जेनोम ड्रीम मेकर 120 सिलाई मशीन पर ले जाएं। सिलाई शुरू करने से पहले सुनिश्चित करें कि मशीन सीधी सिलाई पर सेट है और सिलाई की लंबाई बढ़ाकर 2.6 कर दें।





कंधे के किनारे को प्रेसर फुट के साथ संरेखित करें और सिलना शुरू करें। टांको को मजबूत करने के लिए हम कपड़े के शुरू और अंत में रिवर्स टांके लगाएंगे। तब तक सिलें जब तक आप नेक तक नहीं पहुंच जाते और सिलने के साथ-साथ पिन निकालते रहें। रिवर्स टांके लगाएं और धागा काट लें।




इसी तरह दूसरे कंधे को भी सिलें। शुरुआत और अंत में रिवर्स टांके लगाना न भूलें। कंधे को सिलते समय सावधानी से पिन निकालते रहें। धागा काट लें और ये हो गया।





अब कपड़े के किनारो उधड़ने से रोकने के लिए हम सीधे टांको के ऊपर ज़िग-ज़ैग टांके लगाएंगे। बस अपनी मशीन पर ज़िग-ज़ैग बटन दबाएं और सिलाई करें। ज़िग-ज़ैग टांके लगाते समय रिवर्स टांके लगाने की आवश्यकता नहीं होती। दोनों कंधों पर ज़िग-ज़ैग टांके लगाएं। ये करने के बाद अच्छी फिनिश के लिए कैंची से अतिरिक्त धागे को काट दें। सिलने के बाद कंधे की सिलाई इस तरह दिखेगी।



## चरण 3: नेक फेसिंग बनाना और इसे नेकलाइन से जोड़ना






अब एक सफेद सूती का कपड़ा लें और ट्यूटोरियल में दिखाए अनुसार इसके 1/4 भाग को मोड़ें। फिर फ्रंट टेम्पलेट लें और इसे कपड़े के ऊपर रखें। टेम्पलेट रखते समय ध्यान रखें कि इसका ऑन-फोल्ड सेक्शन कपडे के फोल्ड पर सही से रखा हो। अब चॉक से टेम्पलेट के अनुसार नेकलाइन और कंधे के एक छोटे हिस्से का निशान लगा लें। लगाए हुए निशान से डेढ़ इंच नाप कर एक पॉइंट बना लें। लाइन पर एक जगह और ऐसा ही करें। अब स्केल से इन दोनो पॉइंट्स को एक सीधी लाइन से जोड़ दें। सुनिश्चित करें कि आपकी लाइन कंधे के निशान तक जाये और ये एक आयताकार आकार हो। इसे कपड़े मे से काट लें। यह फ्रंट नेक का फिटेड फेसिंग स्ट्रिप होगा। इसे एक तरफ रख दें।






इसके बाद बचा हुआ कपड़ा लें और ट्यूटोरियल में दिखाए अनुसार इसकी दूसरी साइड मोड़ें। इसके ऊपर बैक टेम्प्लेट रखें, सुनिश्चित करें कि जिस सेक्शन पर ऑन-फोल्ड लिखा हो वह फोल्ड के ऊपर हो। फिर नेकलाइन और कंधे के छोटे हिस्से का ठीक उसी तरह निशान लगाएं जैसा हमने फ्रंट टेम्प्लेट के लिए लगाया था। निशान लगाने के बाद, नापने का फीता लें और डेढ़ इंच नाप कर एक निशान बनाएं। फ्री-हैंड कर्व बनाने में आसानी के लिए नेकलाइन पर इसे हर जगह करें। बनाए हुए पॉइंट्स को जोड़ दें। ये करने के बाद फेसिंग को काट लें। घुमाव के चारों ओर सावधानी से काटें।




आपके फ्रंट और बैक फेसिंग ऐसे दिखने चाहिए। फेसिंग को खोले। अब हमें कंधो को जोड़ना है। बैक फेसिंग को वी-आकार के नेक फेसिंग के ऊपर रखें। सुनिश्चित करें कि इसका सीधा हिस्सा आमने सामने हो और ट्यूटोरियल में दिखाए अनुसार इसमें पिन लगा दें।




पिन लगाए हुए फेसिंग को अपनी मशीन पर ले जाएं। सिलने से पहले सुनिश्चित करें कि मशीन सीधी सिलाई पर हो और सिलाई की लंबाई 2.6 हो। स्ट्रिप के किनारे को प्रेसर फुट के साथ संरेखित करें और पिन लगाए हुए हिस्से को सिलें। याद रखें रिवर्स टांके फेसिंग स्ट्रिप जैसे छोटे हिस्से के लिए भी महत्वपूर्ण होते हैं। पिन लगाए हुए दोनों साइड को सिलें। ये करने के बाद आपकी सिलाई इस तरह दिखनी चाहिए।




संक्षिप्त मे, हमने मुख्य कपड़े पर कंधों को सिला है। सूची में अगला नंबर नेकलाइन को सिलना है, नेक फिनिशिंग के लिए नेक फेसिंग को लें। हमने यहां कंधे सिले हैं। अब मुख्य कपड़े को खोलें और कपड़े की नेकलाइन को फेसिंग से मैच करें। सुनिश्चित करें कि इसका सीधा हिस्सा आमने सामने हो। स्ट्रिप के वी-आकार को नेकलाइन के साथ संरेखित करें और इसे सही जगह रखने के लिए इसमें बीडेड पिंस लगा दें। पूरी स्ट्रिप पर पिन लगा दें। अब हमें पिन लगाए गए हिस्सों के साथ सिलना है।







नेकलाइन को प्रेसर फुट के साथ संरेखित करें और सिलना शुरू करें। पूरे नेकलाइन को सिलें और सिलने के साथ-साथ पिन निकालते रहें।




जब आप किनारे पर पहुंचें तो पिवोटिंग तकनीक का उपयोग करते हुए सुई को कपड़े से निकाले बिना कपड़े को मोड़ें। यह एक साफ और सिंगल सिलाई सुनिश्चित करेगा। ये करने के बाद धागे को काट लें। सिलाई इस तरह दिखनी चाहिए। अब जैसा कि आप देख सकते हैं हमने नेकलाइन को सिल लिया है। वी-आकार पर एक नॉच बनाएं, सुनिश्चित करें कि आप टांके को न काटें। हमें स्ट्रिप के गोलाकार हिस्से पर भी नॉच बनाने होंगे ताकि पहनने के बाद कपड़ा ठीक बैठे। सिलाई लाइन के साथ और ऊपर नॉच बनाना सुनिश्चित करें।

## चरण 4: आस्तीन को हेम करना








अब हम आस्तीन को सिलेंगे। कपड़े को पूरी तरह से खोलें, उस निशान को खोजें जो हमने किनारों पर बनाया था। अब कंधों से मोड़ें और सुनिश्चित करें कि निशान मैच कर रहे हो। अब इस निशान पर कपड़े को पिंच कर के एक नॉच बनाएं, दूसरी तरफ भी ऐसा ही करें, पिंच करें और निशान पर एक नॉच बनाएं।

अब हमें आस्तीन को हेम करना है। इसके लिए हम कपड़े के एक चौथाई इंच को फ्रंट साइड के नॉच से बैक साइड के नॉच तक अंदर की ओर दो बार मोड़ेंगे। किनारे को प्रेसर फुट के साथ संरेखित करें और सिलना शुरू करें। सिलने के साथ-साथ मोड़ते रहें। कंधे को दूसरी साइड के नॉच तक सिलें और रुक जाएं। धागा काट लें। सुनिश्चित करें कि आपके फोल्ड साफ और एक समान हो। दूसरी तरफ भी यही प्रक्रिया दोहराएं। ये करने के बाद, धागा काट लें। सिलने के बाद इस तरह दिखना चाहिए।

## चरण 5: साइड सीम को फिनिश करना और ड्रेस के निचले हिस्से को हेम करना



आसानी से सिलने के लिए साइड को जोड़ लें, सीधा हिस्सा आमने सामने हो, और सही जगह पर रखने के लिए इनमें पिन लगा दें। हम ट्यूटोरियल में बताए अनुसार पिन लगाए हुए हिस्से को सिलेंगे। हम ड्रेस के निचले हिस्से को भी हेम करेंगे।

पिन लगाए गए भाग को प्रेसर फुट के किनारे के साथ संरेखित करें और सिलना शुरू करें। कुछ रिवर्स टांके लगाएं और फिर सामान्य तरीके से सिलना जारी रखें। सिलने के साथ-साथ पिन निकालते रहें। आखिर तक सिल के धागा काट लें। सिलाई इस तरह दिखनी चाहिए।




इसके बाद दूसरी तरफ भी इसी प्रक्रिया को दोहराएं। धीरे-धीरे और स्थिर रूप से नीचे सिलते रहें। ये करने के बाद अपने उषा जेनोम ड्रीम मेकर 120 पर ज़िग-ज़ैग स्टिच का बटन दबाएं और साइड सीम पर ज़िग-ज़ैग टांके लगाएं। यह एक दोहराई जाने वाली प्रक्रिया है लेकिन यकीन करें इससे हमारा कपड़ा देखने में अच्छा लगेगा। ज़िग-ज़ैग टांके दोनों तरफ लगाएं।

अब ड्रेस के निचले हिस्से को हेम करने का समय है। ड्रेस के निचले हिस्से को लें और आस्तीन की तरह कपड़े को एक चौथाई इंच में मोड़ें और फिर 3/4 इंच मोड़ें।





सुनिश्चित करें कि सिलाई की लंबाई 2.6 हो और फोल्ड पर सिलना शुरू करें। हर तरफ सिलें और सिलने के साथ-साथ मोड़ते रहें। सुनिश्चित करें कपड़े को सही से मोड़ें। ये करने के बाद, धागा काट लें और कपड़े को अंदर से बाहर मोड़ें।








## चरण 6: नेकलाइन को फिनिश करना

अब हम नेक को सिलेंगे। फेसिंग स्ट्रिप को अंदर की तरफ मोड़े और हाथ की सुई से सिलें। फिनिशिंग के लिए फेसिंग स्ट्रिप को सिलते समय निचले हिस्से को 1/4 इंच मोड़ें जैसा कि ट्यूटोरियल में दिखाया गया है। हाथ की सुई का उपयोग करके नेकलाइन पर फेसिंग स्ट्रिप  सिलाई करें । आपके हाथ की सिलाई इस तरह दिखनी चाहिए।

संक्षिप्त मे, हमने साइड सीम को सिला है, आस्तीन को हेम किया है, कंधों को जोड़ा है और नेकलाइन को फिनिश किया है। आप अपने पसंद के सामान से अपने ड्रेस को और भी सजा सकते हैं, जैसा कि आप देख सकते हैं हमने इस ड्रेस में बैंगनी पंख लगाये हैं और ये हमें बहुत पसंद हैं। हमें कमेंट सेक्शन मे बताएं कि आपको ये ट्यूटोरियल कैसा लगा और आप क्या सीखना चाहते हैं। इस ट्यूटोरियल को लाइक करना और अपने उन दोस्तों के साथ शेयर करना न भूलें जो वेज़ ड्रेस बनाना चाहते हैं।